प्रेम सिर्फ अपने काम और ईश्वर से करो, क्योंकि ये दोनो कभी धोखा नही देते.!

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-255 ● कटनी ● मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष -14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

## बैतूल के भाजपा कार्यालय पर लगाया पाकिस्तान जैसा झंडा



**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के बैतूल जिला कार्यालय पर बीती रात शरारती तत्वों ने पाकिस्तान के झंडे जैसा दिखने वाला झंडा लगा दिया। इंटरनेट मीडिया पर इसकी फोटो और वीडियो वायरल होते ही हंगामा खड़ा हो गया। भाजपा ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई, तो पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रातों-रात झंडे को हटवाया। हुआ यूं कि बैतूल में सोमवार को अचानक इंटरनेट मीडिया पर स्थानीय भाजपा कार्यालय की एक फोटो और वीडियो तेजी से वायरल होने लगी, जिसमें कार्यालय पर दूसरी दिशा से रस्सी बांधकर एक बड़ा झंडा लगा हुआ था। पाकिस्तान के झंडे में जहां हरे रंग का उपयोग किया गया है, इस झंडे में वह हिस्सा सफेद था, लेकिन इस पर चांद और सितारा बिल्कुल पाकिस्तानी झंडे जैसा अंकित था। इसे पाकिस्तान का झंडा बताकर टिप्पणी की जा रही थी।

# कश्मीर पर बड़े एक्शन की तैयारी

## पीएम मोदी से मिलने पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह, कश्मीर समेत कई अन्य मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए पीएम आवास पर पहुंचे हैं। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात कैबिनेट की बैठक से पहले हो रही है। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में कश्मीर समेत कई अन्य राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हो रही है। इसके अलावा इस बैठक में आतंकवादियों की घुसपैठ को रोकने के साथ-साथ कश्मीर के अंदर पल रहे अलगाववादी नेताओं पर कार्रवाई करने की भी बात चल रही है। वहीं इससे पहले अमित शाह ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर करीब छह घंटे लंबी बैठक की थी। इस बैठक में उन्होंने आंतरिक सुरक्षा को लेकर राज्यों के बीच समन्वय पर जोर दिया था। इस बैठक में सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक, महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक और महानिरीक्षक स्तर के चयनित फील्ड अधिकारी, केंद्रीय पुलिस बलों के प्रमुख, खुफिया एजेंसियां और पुलिस संगठन बंद कमरे में इस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए थे।



### कश्मीर में आतंकी हमले के बाद यह बैठक अहम

जानकारी के मुताबिक कश्मीर में 15 दिनों के भीतर 13 से अधिक नागरिकों की हत्या ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है और इसी के बाद बैठकों का दौर शुरू हो गया है। इस घटना के बाद से सरकार विपक्ष के निशाने पर भी आ गई है। कांग्रेस के साथ-साथ कई पार्टी के नेताओं ने सरकार पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

### जम्मू-कश्मीर में 15 दिनों में 13 नागरिकों की हत्या

बता दें कि जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में रविवार को आतंकवादियों ने दो बिहारी मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहीं अब तक बीते 15 दिनों के अंदर आतंकियों ने 13 आम नागरिकों को निशाना बनाया है। गैर-स्थानीय मजदूरों और कामगारों ने कश्मीर से पलायन शुरू कर दिया है।इसे लेकर पूरे देश में गुस्सा है। सरकार कोई बड़ा कदम उठा ले तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए ।

## फटाफट खबरें



### केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) 2021 के लिए पंजीकरण की समय सीमा बढ़ा दी है। ताजा अपडेट के अनुसार, सीबीएसई सीटीईटी 2021 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। आधिकारिक नोटिस के मुताबिक, फीस जमा करने की आखिरी तारीख 26 अक्टूबर है। बोर्ड ने परीक्षा की तारीखों में संशोधन नहीं किया है।

### लड़की ने खाने में मिलाया जहर, माता-पिता समेत चार की मौत

**बेंगलूरू।** कर्नाटक में एक लड़की ने भेदभाव से परेशान होकर अपने पूरे परिवार को जहर खिलाकर मार डाला। फॉरेंसिक रिपोर्ट सामने आने पर खुलासा हुआ कि परिवार की मौत रात के खाने में मिले जहर से हुई । मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दावनगरे में 17 साल की लड़की अपने परिवार में पिछले कुछ समय से भेदभाव का शिकार हो रही थी। पुलिस ने बताया कि लड़की को पढ़ाई न करने के लिए पीटा जाता था और काम करने के लिए खेतों में भेजा जाता था। उसे लगता था कि घरवाले उसके साथ दुर्व्यवहार करते हैं।

### सरहद की रक्षा के लिए हमारी सेना पूरी तरह से मुस्तैद

**नई दिल्ली।** पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने सीमा पर चल रही चीन की सैन्य गतिविधि के बारे में मंगलवार को बड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चीनी सेना (पीएलए) जो वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास करती है, उसकी गतिविधियों के स्तर में कुछ वृद्धि हुई है, लेकिन वह गहन क्षेत्रों में है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष एलएसी के करीब बुनियादी ढांचे को विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं और इससे कभी-कभी समस्या उत्पन्न हो जाती है। हमने एलएसी के साथ-साथ गहन क्षेत्रों में भी अपनी निगरानी बढ़ा दी है। किसी भी आकस्मिकता से निपटने के लिए हमारे पास प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त बल उपलब्ध है।

## आवैसी ने भारत-पाक मैच का किया कड़ा विरोध

# कश्मीर में पाकिस्तान खेल रहा लोगों की जान का टी-20



**नई दिल्ली।** यूएई में टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट का आगाज हो चुका है और इस टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच रविवार, 24 अक्टूबर को खेला जाएगा जब भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। अब भारत में इस मैच पर सियासत भी शुरू हो गई है। हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इस मैच का विरोध किया है। बकौल असदुद्दीन ओवैसी, एक तरफ जम्मू-कश्मीर में 9 जवान शहीद हो गए हैं और उधर, मोदी सरकार 24 अक्टूबर को क्रिकेट मैच खिला रही है। ओवैसी ने यूपी की एक चुनावी रैली में यह बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि - क्या मोदी जी ने नहीं कहा था कि फौज मर रही है और मनमोहन सिंह की सरकार बिरयानी खिला रही है। अब 9 सैनिक मर गए और आप टी20 खेलेंगे? पाकिस्तान कश्मीर में भारतीयों की जान से टी 20 खेल रहा है। ओवैसी ने आगे कहा, कश्मीर में टार्गेटेड किलिंग हो रही है, हथियार आ रहे हैं. इंटेलिजेंस क्या कर रहा है? अमित शाह क्या कर रहे हैं? 370 हटाने के बाद कहा था कि कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो गया, लेकिन कुछ खत्म नहीं हुआ। भारत और पाकिस्तान के इस मुकाबले का विरोध भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है, इस मैच पर फिर से विचार किया जाना चाहिए। कश्मीर में लगातार आतंकी गोलियां बरसा रहे हैं। चुन-चुनकर गैर-कश्मीरियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। मैच रद्द करने की मांग पर बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा, कश्मीर में जो हत्याएं हो रही हैं, वह दुखद हैं। मैच अंतरराष्ट्रीय समझौते के तहत हैं, हम खेलने से मना नहीं कर सकते हैं।

## कुमाऊं में बाढ़ रामगढ़ में बादल फटा, अब तक सात की मौत

**देहरादून ।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बारिश कहर बनकर बरस रही है। कुमाऊं में बारिश के कारण मलबे में दबकर अभी तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार सुबह नैनीताल जिले के रामगढ़ में धारी तहसील में दोषापानी और तिशापानी में बादल फट गया। इस दौरान मजदूरों की झोपड़ी पर रिटेनिंग दीवार गिर गई। जिसमें सात लोग मलबे में दब गए। जिसमें से हयात सिंह और उनकी माता के शव बरामद हुए। हयात सिंह की पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा अब भी मलबे में दबे हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। उधर, खैरना में झोपड़ी में पत्थर गिरने से दो लोगों की मौत की खबर है।

## दीपावली पर एडहॉक बोनस देने का एलान

**नई दिल्ली ।**

वित्त मंत्रालय ने केंद्र सरकार के कर्मियों को दीपावली के मौके पर नॉन-प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (एडहॉक बोनस) देने की घोषणा की है। इसके तहत सभी पात्र कर्मियों को 30 दिन के वेतन जितनी राशि मिलेगी। केंद्र सरकार के ग्रुप बी और ग्रुप सी के अंतर्गत आने वाले वे अराजपत्रित कर्मचारी, जो किसी प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस स्कीम के तहत नहीं आते हैं, उन्हें भी यह बोनस दिया जाएगा। एडहॉक बोनस का फायदा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सभी योग्य कर्मियों को भी मिलेगा।

अस्थाई कर्मचारी भी होंगे लाभान्वित

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, एडहॉक बोनस के तहत जो रकम दी जाती है, उसका निर्धारण करने के लिए एक नियम बनाया गया है। कर्मियों का औसत वेतन, गणना की उच्चतम सीमा के अनुसार, जो भी कम हो, उसके आधार पर बोनस जोड़ा जाता है। यदि किसी कर्मी को सात हजार रुपये मिल रहे हैं, तो उसका 30 दिनों का मासिक बोनस लगभग 6907 रुपये रहेगा। इस तरह के बोनस का फायदा, केंद्र सरकार के उन कर्मचारियों को ही मिलेगा, जो 31 मार्च 2021 को सेवा में रहे हैं। 2020-21 के दौरान कम से कम छह महीने तक लगातार ड्यूटी दी है। जो कर्मचारी अस्थायी तौर से एडहॉक बेस पर नियुक्त हुए हैं, उन्हें भी ये बोनस मिलेगा, बशर्ते उनकी सेवा के बीच कोई ब्रेक न रहा हो।



## मुरैना में चंबल नदी उफनायी

# टापू पर फंसे 550 से ज्यादा श्रद्धालु

**मुरैना ।** राजस्थान के कैलादेवी मंदिर पर दर्शन के लिए गए श्रद्धालु चंबल नदी में अचानक आए उफान के कारण टापू पर फंस गए। 550 से ज्यादा यात्री और 100 से ज्यादा बाइक राजस्थान के मण्डरायल घाट के पानी से चारों ओर से घिर गए, जिन्हें सोमवार देर रात चले रेस्क्यू अभियान के बाद मुरैना जिले की टेंटरा थाना पुलिस व राजस्थान की मण्डरायल पुलिस ने सुरक्षित निकाल लिया। हर साल दशहरा पूजन के बाद श्योपुर जिले के विजयपुर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु पैदल यात्रा करके कैलादेवी मंदिर को जाते हैं। तीन दिन की यात्रा के बाद यह श्रद्धालु सोमवार की सुबह से लौटना शुरू हो गए। रविवार को हुई तेज बारिश के कारण चंबल नदी के घाटों पर मिट्टी से कीच हो गया। सोमवार की दोपहर में बारिश थमी और घाटों पर पानी कम हुआ तो यात्रियों को चंबल नदी पार कराने वाला स्टीमर चालू हुआ, जो दो फेरे लगाने के बाद बंद पड गया। खराब हुआ स्टीमर मुरैना जिले की सबलगढ तहसील के अटार घाट पर खडा कर दिया गया।

## HDFC में बड़ी धांधली नाकाम

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक में बड़ी धोखाधड़ी नाकाम कर दी गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और आरोप है कि इन्होंने अनधिकृत रूप से एक एनआरआई के खाते से बड़ी राशि निकालने की कोशिश की। आरोपियों में एचडीएफसी बैंक के तीन कर्मचारी भी शामिल हैं। विशेष प्रकोष्ठ की साइबर अपराध इकाई ने बताया कि एनआरआई खाते से अनधिकृत ऑनलाइन लेनदेन के 66 प्रयास किए गए। इसकी शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## 15 हजार करोड़ से का ज्यादा बिजली अनुदान पर मुहर

### एमपी केबिनेट का निर्णय



**भोपाल।** प्रदेश के किसान और घरेलू उपभोक्ताओं को सरकार वित्तीय वर्ष 2021-22 में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान देगी। यह अनुदान राशि सीधे बिजली कंपनियों को उपलब्ध कराई जाएगी। यह निर्णय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मगंलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कैबिनेट बैठक में लिया गया। इसके साथ ही आदिवासी विकासखंडों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के हितग्राहियों के लिए आपका राशन आपके द्वार योजना प्रारंभ की जाएगी। इसमें खाद्यान्न उचित मूल्य की दुकान से सीधे उनके गांव तक पहुंचाया जाएगा। राज्य सरकार के प्रवक्ता गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को 15 हजार 722 करोड़ रुपये का अनुदान देगी। इसी तरह इंदिरा गृह ज्योति योजना के उपभोक्ताओं को करीब पांच हजार करोड़ रुपये के अनुदान का लाभ दिया जाएगा। यह अनुदान सरकार राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली की प्रति यूनिट तय दर में उपभोक्ता को छूट देने के एवज में बिजली कंपनियों को प्रतिपूर्ति के लिए रूप में देगी। उन्होंने कहा कि अब हम कोरोना संकट से उबर आए हैं। सरकार सभी वर्गों के हित में लगातार कदम उठा रही है। बिजली के बिलों में सभी वर्गों के उपभोक्ताओं को राहत देने का काम किया जा रहा है। वहीं, 89 आदिवासी विकासखंडों में आपका राशन आपके द्वार योजना को प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। उपचुनाव वाले क्षेत्रों में आचार संहिता की वजह से अभी 80 विकासखंडों में योजना लागू होगी। इसमें वाहन से राशन सात हजार 511 गांवों में पहुंचाया जाएगा। करीब 23 लाख उपभोक्ताओं को अब राशन दुकान के चक्कर नहीं लगाने होंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। उधर, प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में पिछले दो दिन से हो रही बे-मौसम बारिश से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि उनके नुकसान की भरपाई सरकार करेगी। सर्वे करके क्षति का आकलन किया जाएगा और किसानों को राहत पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं और पूरी सरकार किसानों के साथ है। प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने किसानों को आश्वस्त किया है कि सभी कलेक्टरों को सर्वे के निर्देश दिए गए हैं। फसलों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

## अभिनेत्री युविका चौधरी गिरफ्तार



**मुंबई ।** अभिनेत्री युविका चौधरी और प्रिंस नरूला की पत्नी को हाल ही में हरियाणा पुलिस ने अपमानजनक टिप्पणी मामले में गिरफ्तार किया। बीते दिनों अभिनेत्री का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर इस वीडियो के कारण वह काफी ट्रोल भी हुई थी। दरअसल, अभिनेत्री ने इस वीडियो में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था। जिसके बाद इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार को उन्हें गिफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने अभिनेत्री को 3 घंटे पूछताछ करने के बाद औपचारिक जमानत पर छोड़ दिया है। अभिनेत्री पर आरोप है कि उन्होंने अनुसूचित जाति के प्रति अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था।

## अमेजन पर बैठी संसदीय जांच

**नई दिल्ली ।** भारत में गलत तरीके अपनाकर व्यापार करने, दूसरी कंपनियों की नकल कर अपने प्राइवेट ब्रांड बनाने और उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की आरोपी कंपनी अमेजन पर अमेरिकी सांसदों ने सवाल उठाए हैं। सांसदों के द्विदलीय समिति का कहना है कि अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस व अन्य शीर्ष अधिकारियों ने कांग्रेस समिति के सामने झूठ बोला और उन्हें गुमराह किया है।

## महिला विधायक बोलीं-थोड़ी सी तो पी है..



**जोधपुर ।** राजस्थान के जोधपुर में एक महिला विधायक के रिश्तेदार का शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण चालान कट गया। जब यह बात विधायक तक पहुंची तो उन्होंने पुलिस को फोनकर उसे छोड़ने की बात कही। पुलिसकर्मी नहीं माने तो वह अपने पति के साथ थाने पहुंच गईं और बोलीं- सबके बच्चे पीते हैं, क्या हुआ इसने भी थोड़ी पी ली तो ? इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। मामला जोधपुर के रातानाड़ा थाना इलाके का है। शेरगढ़ से कांग्रेस विधायक मीना कंवर के रिश्तेदार का देर रात शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण चालान कट गया, पुलिस उसे अपने साथ थाने ले आई। जब यह बात महिला विधायक को पता चली तो पहले तो उनके पति ने पुलिस को फोन कर रिश्तेदार को छोड़ने को कहा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने मना कर दिया।

## नाबालिग बहनों से 10 युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**गुमला ।** झारखंड के गुमला जिले से एक बार फिर समाज को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां दो नाबालिग बच्चियों के साथ 10 युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म जैसी घिनौनी घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक अन्य आरोपी ने गिरफ्तारी के डर से आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### दोनों लड़कियों को अगवा कर ले गए जंगल

पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारिब ने बताया कि सामूहिक बलात्कार की घटना 15 अक्तूबर की शाम को हुई। घटना के वक्त आदिवासी लड़कियां अपने 20 वर्षीय चचेरे भाई के साथ दशहरा मेला देखकर गुरदारी थाना क्षेत्र में घर लौट रही थीं।

## शरद पूर्णिमा चंद्रमा से बरसेंगी आरोग्यदायिनी किरणें

**वेब डेस्क।** चंद्रमा के 16 कलाओं से पूर्ण होने का पर्व शरद पूर्णिमा 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। वहीं मतांतर के चलते कुछ पंचांगों ने शरद पूर्णिमा 19 अक्टूबर की बताई है। इस अवसर पर चंद्रमा से आरोग्यदायिनी किरणें बरसेंगी। शहर में खीर वितरण के आयोजन होंगे। हालांकि बर्फानी धाम में कोरोना के चलते इस बार भी औषधियुक्त खीर का वितरण नहीं होगा। अश्विन मास की पूर्णिमा तिथि मंगलवार को शाम 7.04 बजे शुरू होगी, जो बुधवार रात 8.26 बजे तक रहेगी। 19 अक्टूबर को चंद्रोदय शाम 5.14 बजे और 20 अक्टूबर को शाम 5.49 बजे होगा। ज्योतिर्विद ने बताया कि चंद्रोदय के समय चतुर्दशी तिथि रहेगी। इसके चलते 20 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा मनाना शास्त्र सम्मत है।



### देवी महालक्ष्मी देती हैं धनवैभव का आशीष

आचार्यो केअनुसार, कुछ पंचांगों में मतांतर और गणना में भेद होने के चलते पूर्णिमा 19 अक्टूबर की बताई गई है। पूर्णिमा पर देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। उनके साथ भगवान विष्णु का भी पूजन होता है। लक्ष्मी पूजन से व्यक्ति के जीवन से दरिद्रता का नाश होता है। चंद्रदेव 16 कलाओं से परिपूर्ण होने पर आकाश से अमृत की बूंदें बरसाते हैं। इस दौरान आसमान के नीचे खीर रखने से इन बूंदों का समावेश खीर में होता है। इसके खाने से आरोग्यता की प्राप्ति होती है। पूरे प्रदेश में मंदिरों में बुधवार रात 8 बजे खीर बांटी जाएगी।



# जाड़े में रेल फ्रेक्चर रोकने रेलवे मुस्तैद





**कटनी।** रेलवे बोर्ड द्वारा शीतकालीन मौसम में रेल गाड़ियों के सुचारु रूप से संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए है। रेलवे बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया है कि शीतकाल के दौरान रेलवे ट्रैक की सभी जोड़ पट्टियों की जांच करके उनका लुब्रिकेशन करना, ट्रैक की डी-स्टेंसिंग करना एव सभी एलडब्लूआर की मिसिंग फिटिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण करना है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल ने शीतकालीन मौसम के पहले के कार्यों को सभी दिशाओं में शुरू कर दिया है। रेलवे ट्रैक के सभी सामान्य फिश प्लेट एवं जोगल फिश प्लेट ज्वाइंट्स की गहन तरीके से जांच करके उसमें ऑइललिंग और ग्रीसिंग का कार्य शुरू कर दिया है। इस कार्य को शीतकालीन मौसम से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। जिसके अंतर्गत 70 हजार जोड़ो के सामान्य फिश प्लेट एवं 175 हजार जोड़ो के जोगल फिश प्लेट में ऑइललिंग और ग्रीसिंग का कार्य किया जा रहा है, जो कि अंतिम चरण में है। रेलवे ट्रैक में ऑइललिंग एवं ग्रीसिंग के दौरान सभी बोल्ट और पट्टियों को जांच कर उसे सही तरीके से फीटिंग का कार्य किया जाता है। जिससे शीतकालीन मौसम में ट्रैक के दबाव के समय रेल के खिंचाव में टैंक संरक्षित रहे।

### 1700 से ज्यादा पेट्रोलमैन रात 11 बजे से सुबह 7 बजे तक करेंगे रेल ट्रेक की पेट्रोलिंग, निगरानी के लिए दिया जाएगा जीपीएस ट्रेकर

भारतीय रेल एवं पश्चिम मध्य रेल पर स्टेशन से स्टेशन के बीच एलडब्लूआर लॉन्ग वेल्डड रेल पूरी तरह से बिछी हुई है और लंबे-लंबे रेल टैंक होने से शीतकालीन के दौरान खिंचाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है। इस खिंचाव को डीस्टेंस करना पड़ता है, ताकि शीतकालीन के समय रेलवे में खिंचाव उत्पन्न नहीं हो और रेल संरक्षित रहे। जिसके अंतर्गत पमरे द्वारा 150 किमी का डीस्टेंस कार्य तेजी से किया जा रहा है। शीतकालीन के लिए पेट्रोलिंग की तैयारी की जा रही है। जिसके अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के सभी रेलखण्डों पर शीतकालीन की पेट्रोलिंग की जाएगी। इस प्रकार पमरे में 1700 से अधिक पेट्रोलमैनों को पेट्रोलिंग करने के लिए लगाया जायेगा। जो कि रात्रि 11 बजे से सुबह 7 बजे तक सभी पेट्रोलिंग उपकरणों तथा ट्रैक को सुरक्षित रखने के लिए औजार के साथ ट्रेक की निगरानी करेंगे। इसके साथ सभी पेट्रोलमैन को जीपीएस ट्रेकर दिया जाएगा, जिससे पेट्रोलिंग के समय इन पर निगरानी रखी जा सके। आपातकालीन स्थिति में इसी ट्रेकर की मदद से मोबाइल फोन द्वारा पेट्रोलमैन से कम्युनिकेशन किया जा सकता है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा शीतकालीन मौसम से पहले समय-समय पर ट्रेकमेनों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिससे ट्रैक पर संरक्षित परिचालन होता रहे।


## उम्मीदों की दुकान से होगी जरूरतमंदों की मदद

**कटनी।** होप संस्था द्वारा विगत 2 वर्षों से शहर में उम्मीदों की दुकान संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कपड़े, गरम कपड़े, किताबे, पहाड़ा, व्हीलचेयर, स्टोव, आम जन द्वारा दिये गये इन सामग्री के सहयोग से मदद की जा रही है एवं आगे भी इसी तरह सभी के सहयोग से मदद की जाएगी। होप संस्था ने शहर के लोगों से आग्रह किया है कि आपके यहां पुराने कपड़े, जूते, बैग, किताबे, व्हीलचेयर, खिलौने या अन्य कुछ भी सामान, जो आपके उपयोग का नहीं है लेकिन किसी जरुरतमन्द के काम आ सके, ऐसी चीज उम्मीदों की दुकान नई बस्ती मे लाकर जमा कर सकते हैं, साथ ही अगर कोई जरूरतमंद व्यक्ति जिसे कपड़े, बुक एवं अन्य सामग्री की जरूरत हो तो आप उसे सेवा केंद्र भेज सकते है, उन्हे ये सामग्री निःशुल्क मिलेगी। सेवा केंद्र सोमवार से शनिवार तक दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा।

## ग्राम पटवारा एवं कैलवाराकला के पटवारी निलंबित

**कटनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी बलबीर रमन ने पटवारी हल्का नंबर 12/23 ग्राम पटवारा एवं पटवारी हल्का नंबर 13 कैलवाराकलां के पटवारी जयकुमार चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में संबंधित पटवारी का मुख्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल मुड़वारा कटनी निर्धारित मुड़वारा-2 नियत किया गया है। मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) बी के प्रथम परन्तुक अनुसार शासकीय सेवक के विरुद्ध दंडित अपराध में चालान प्रस्तुत होने पर संबंधित पटवारी को निलंबित करने के आदेश जारी किये गये हैं।

## बहोरीबंद में खाद्य प्रतिष्ठानों पर संयुक्त दलों ने की जांच



**कटनी।** जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सतत रुप से संयुक्त दलों द्वारा जांच की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को बहोरीबंद तहसील में बस स्टेण्ड स्थित जबलपुर सेवा भण्डार, गुरुकृपा दूध डेयरी, नई जबलपुर सेव भण्डार, खेतेश्वर बीकारनेर मिष्ठान भण्डार तथा अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में तहसीलदार बहोरीबंद पूर्वी तिवारी तथा फूड सेफ्टी ऑफीसर संजय गुप्ता व ब्रजेश विश्वकर्मा द्वारा जांच की गई। इस दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिये भेजा गया है। वहीं दो प्रतिष्ठानों पर गंदगी पाये जाने पर उन्हें आवश्यक सुधार के निर्देश दिये गये हैं।



# स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरुक

**ग्राम पंचायत केवलारी में स्काउट एवं गाइड द्वारा आयोजित की गई स्वच्छ भारत अभियान के तहत गतिविधियां**



कटनी। भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ कटनी के तत्वाधान में भारत स्काउट गाइड स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी में स्काउट गाइड द्वारा स्वच्छता की गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन, तालाब, विद्यालय परिसर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही ग्राम में जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसके बाद स्काउट एवं गाईड द्वारा ग्राम के प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान को सफ्ल बनाने ग्रामीणों को जागरुक किया गया। वहीं स्वच्छता को अपने जीवन उतारने की बात भी कही गई। कार्यक्रम में डी.टी.सी गा0 सायरा बानो एवं सहयोगी के रुप में मधु मिश्रा तथा विद्यालय के स्टाफ द्वारा सहभागिता की गई।

**नवरात्र के समापन पर मां चंडिका मंदिर में आयोजन**

# देर रात तक चलता रहा देवी जागरण



**बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीत गायक जयप्रकाश पटेरिया ने दी एक से बढ़कर एक देवीगीतों की शानदार प्रस्तुति**



**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र कुठला में चंडिका देवी नगर स्थित मां चंडिका मंदिर में नवरात्र पर्व के समापन अवसर जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी के तत्वाधान में विशाल देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे बुंदेलखंड के प्रसिद्ध बुंदेली लोकगीत गायक पंडित देशराज पटेरिया के भतीजे जयप्रकाश पटेरिया ने अपनी टीम के साथ एक से बढ़कर एक शानदार लोकगीत प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आदिशक्ति मां जगतजननी की शक्ति और भक्ति पर आधारित देवीगीतों ने श्रद्धालुओं का मंत्रमुग्ध कर दिया। रात 9 बजे से शुरू हुआ देवी जागरण का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। देवी जागरण कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कटनी जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पन्ना जिले से आए अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित रामगोपाल तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अरविन्द प्यासी मंचासीन रहे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अतिथियों द्वारा मां चण्डिका माता का पूजन कर माल्यार्पण किया एवं आरती उतारी। अतिथियों के स्वागत में कुमारी प्रियदर्शनी दुबे एवं कुमारी दीपज्योति दुबे द्वारा स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति की गई। जिससे अतिथियों और श्रद्धालुओं की काफी सराहना मिली। इसके उपरांत अतिथियों ने गरबा प्रतिभागियों को पुरुस्कार सम्मान पत्र देकर उनका स्वागत किया। इसके पहले मंचासीन अतिथियों का कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार परौहा, सरंक्षक दिनेश तिवारी, उपाध्यक्ष दीपक कनकने, मीडिया प्रभारी विनोद दुबे, उमेश गर्ग, रामप्रकाश प्यासी, अभिषेक तिवारी, सौरभ पांडेय सोरी आदि पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर माता चण्डिका जी की फोटो स्मृति भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी दीपज्योति दुबे एवं ट्रस्ट के संरक्षक दिनेश तिवारी द्वारा किया गया। अंत में छतरपुर से आये कलाकारों के टीम प्रमुख जय प्रकाश पटेरिया को कमेटी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए चंडिका माता की फोटो स्मृति स्वरूप भेंट की गई। कार्यक्रम का आभार व्यक्त दिनेश तिवारी द्वारा किया गया।



**जिला शिक्षा समिति की बैठक में एक्शन मोड पर नजर आए समिति अध्यक्ष, स्कूलों की सतत मॉनीटरिंग के निर्देश**

# छात्रों की सुरक्षा से अनदेखी बर्दाश्त नहीं

**कटनी।** कोरोना संकट काल के कारण करीब 19 माह तक ठप्प पड़ी शिक्षा व्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने और संभावित कोविड की तीसरी लहर के मद्देनजर विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा द्वारा जिला शिक्षा समिति की बैठक के दौरान अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। जिले के सभी शासकीय स्कूलों में शौचालयों की स्थिति का जायजा लेने तथा 100 फीसदी शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्कूलों की अधूरे और लंबित पड़े बाउंड्री वाल निर्माण को शीघ्र पूर्ण कराने तथा ऐसे स्कूलों की सूची और निर्माण एजेंसी से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया। विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर जिले के सभी स्कूलों का सर्वे कराकर जर्जर स्कूल भवनों को डिस्मेंटल कराने की कार्यवाही जल्द करने कहा गया। नगरीय सीमा के सभी 58 भवनों का भी सर्वे करा जर्जर भवनों की लिस्ट तैयार करने के निर्देश समिति अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने दिए। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा संचालित साधूराम स्कूल, केसीएस स्कूल और ए रविन्द्र राव स्कूल में शिक्षकों व स्टाफ की कमी एवं नवीन भर्तियों पर लगी रोक के चलते विद्यार्थियों के अध्ययन प्रभावित होने को गंभीरता से लेते हुए समिति अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने इन तीनों स्कूलों को जिला शिक्षा विभाग में संविलियन किए जाने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। नगर निगम द्वारा शिक्षा उपकर के उपयोग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निगम प्रतिनिधि को उपकर से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने निर्देशित किया।



### सीसीटीवी कैमरे लगवाएं जाएं

छात्रावासों और स्कूलों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने और छात्रावासों के कैमरों का सर्विलिएंस जिले से कनेक्ट करने की कार्यवाही करने कहा गया। जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने जिले के सभी शासकीय स्कूलों में पीटीआई और योग शिक्षकों की उपलब्धता पर जोर देते हुए ऐसे स्कूलों की सूची तैयार करने कहा जो पीटीआई विहीन है। इसके साथ ही स्कूलों की पानी की टंकियों को साफ करने व जल भराव ना होने देने के निर्देश सभी शासकीय स्कूल प्रबंधनों को देने कहा गया। स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर 10 दिवस के भीतर डेंगू लार्वा टेस्ट सभी स्कूलों में कराने कहा गया।

### 3 साल से जमे वार्डन हटाए जाएं

शिक्षा विभाग के छात्रावासों में 3 साल से एक ही जगह पर जमे वार्डेस को नियमानुसार हटाए जाने की कार्यवाही करने कहा गया। इस अवसर पर छात्रावासों में खरीदी में नियमों की अनदेखी पर नाराजगी भी जताई गई। जिले के कई निजी स्कूलों द्वारा शासन के निर्देशों की अवहेलना कर नर्सरी से केजी कक्षाओं का संचालन ट्यूशन के नाम पर करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे स्कूलों की जानकारी प्राप्त कर उन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश सभी बीआरसी को दिए गए, साथ ही सतत निरीक्षण कर स्कूलों में कोविड गाइड लाइन का पालन सुनिश्चित करने कहा गया तथा पालन न करने वाले स्कूलों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर आदिम जाति कल्याण, पीएचई, पिछड़ा वर्ग कल्याण के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा आगामी बैठकों में प्रभारी एनआरएलएम जिला पंचायत एवं नवोदय स्कूल बड़वारा प्राचार्य को भी आमंत्रित करने कहा गया।

### स्कूलों के पास से हटाई जाएं शराब दुकान

जिला शिक्षा समिति सदस्य धीरेंद्र सिंह द्वारा ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर ग्राम भदौरा, निगहरा और बरछेका में स्कूलों के पास संचालित शराब दुकान तत्काल हटवाए जाने और स्कूलों के पास संचालित पान टपरों को हटवाने के लिए एसपी को पत्र लिख कार्यवाही कराने कहा गया। साथ ही अन्य कई विषयों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, जिला शिक्षा समिति सदस्य उदय चंद दाहिया, जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह, डीपीसी के के डहरिया, एपीसी अभय जैन, बीईओ आनन कोरी, मनोरमा पुष्पा, आर एस सिंह, अनिल चक्रवर्ती, बी आर भगत, बीएसी शिवनाथ रजक, जयप्रकाश चक्रवर्ती, श्रीराम तिवारी, बीआरसी विजय चतुर्वेदी, केएल पटेल, नगर निगम लेखपाल पूरन सोंधिया, उप यंत्री जनपद शिक्षा केंद्र मुकेश चक्रवर्ती, मनोज स्वर्णकार, शेख अफरोज, सिद्धार्थ कुशवाहा, यशवंत राम, मुकेश द्विवेदी की मौजूदगी रही।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 19 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम किया भाजपा सरकार ने

## सड़कों की सौगात के लिए सांसद वीडी शर्मा का जताया आभार





**कटनी।** प्रदेश की सड़कों को बेहतर बनाने को लेकर राज्य सरकार ने मुख्य मार्गों के उन्नयन का कार्य किया है। उसी का नतीजा है कि अब बहुत ही कम समय में हम एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। वहीं हर गांव मुख्य मार्ग से जुड़े और उसकी तरक्की के रास्ते खुलें, इसको लेकर भी प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से गांव-गांव सड़कों का जाल बिछाने का कार्य सरकार ने किया है। यह बात मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने ग्राम भरवारा में दो सड़कों के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में कही। उन्होंने इन दोनों ही सड़कों की सौगात के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वी.डी. शर्मा का आभार व्यक्त किया। श्री जायसवाल ने कहा कि दोनों सड़कों के बनने से ग्रामीणों को अब मुख्य मार्ग व जिला मुख्यालय जाने के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष शैलेश कन्हैया तिवारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में विधायक श्री जायसवाल व अन्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत मझगवां फाटक से भरवारा गांव तक 89.81 लाख रूपये की लागत से 2.55 किमी. लंबाई की और कटनी-दमोह मार्ग से बिलहरी तक 265.10 लाख रूपये की लागत से बनने वाली 5 किमी. लंबी सड़क का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री जायसवाल ने स्थानीय जनों की समस्याएं भी सुनीं और उन पर यथोचित कार्रवाई कराने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री जायसवाल ने निर्माण कार्य के लिये विधायक निधि से राशि देने की घोषणा की। जिसमें ग्राम में 03 रंगमंच निर्माण के लिये 3-3 लाख की लागत से कुल 09 लाख की राशि विधायक निधि से दिए जाने की घोषणा की गई। वहीं ग्राम की महिला एवं युवा भजन मंडलियों को वाद्ययंत्रों की राशि उपलब्ध कराए जाने की बात भी विधायक श्री जायसवाल ने कही। इसके साथ ही ग्राम वासियों को निजी भूमि से निकलने वाली सड़क के निदान के लिये नायब तहसीलदार एवं पटवारी को निर्देशित किया गया। 10 दिवस में मुरुम सड़क निर्माण किये जाने के निर्देश विधायक द्वारा संबंधितों को दिये गये। ग्राम के नागरिकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, हेण्डपम्प मरम्मत, नल जल योजना आदि सामस्याओं के निराकरण हेतु मांग की गई, जिस पर विधायक श्री जायसवाल द्वारा संबंधित शासकीय सेवकों को शीघ्रता से निराकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सुषमा तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।



# सामूहिक कार्य में जरूरी है समन्वय

## जिला जेल में सातवें दिन भी चला योग, ध्यान और प्राणायाम का दौर

**कटनी।** आनंद संस्थान द्वारा जिला जेल में बंदियों के लिए दस दिवसीय अल्पविराम, योग, ध्यान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। सातवें दिन बंदियों को जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा व डिस्ट्रिक प्रोग्राम लीडर आनंद संस्थान अनिल कांबले की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत में श्री काबंले द्वारा बंदियों को गतिविधियां कराई गई। जिसके माध्यम से बताया गया कि जब हम कोई कार्य समूह में करते हैं तो उनमें एक दूसरे में समन्वय (को-ऑर्डिनेशन) न होने के कारण, उस कार्य का क्या परिणाम होता है। उन्होंने कहा कि जब भी हम कोई कार्य समूह में करें, उस कार्य के लिए समूह के प्रत्येक व्यक्ति का एक दूसरे के साथ समन्वय (कोआर्डिनेशन) होना बहुत आवश्यक है, तभी वह काम सफल हो पाता है। शिविर के दूसरे चरण में पतंजलि योग समिति के अभिलाष सिंह गौतम एवं डॉ. नरेंद्र तिवारी द्वारा सूक्ष्म व्यायाम व योग प्राणायाम के दौरान बंदियों को कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, मंडूकासन, सूर्य नमस्कार के अभ्यास कराए गए। साथ ही योग ध्यान की गतिविधि भी कराई गई और उनके फायदे बताए गए।

# पर्व को लेकर मुस्लिम बस्तियों में चला सफाई अभियान


## नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों में की गई विशेष साफ-सफाई

**कटनी।** 19 अक्टूबर मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के पर्व ईद मिलाद-उन-नवी को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा से नगर के विभिन्न मस्जिदों, मुस्लिम समुदाय के क्षेत्रों सहित मुख्य मार्गो मलिन बस्तियों में सफाई का कार्य कराया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एंव निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास अनवरत जारी है। मुस्लिम समुदाय के ईद मिलाद-उन-नवी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर मिशन चौक नगरीना मस्जिद, शिवाजी वार्ड मस्जिद, मंगलनगर मस्जिद सहित नगर के अन्य मस्जिदों एवं मुस्लिम समुदाय के क्षेत्रों में साफ सफाई कार्य के साथ साथ मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित कब्रिस्तान परिसर के अंदर खरपतवार की कटाई का कार्य कराया गया। नगर साफएवं स्वच्छ बना रहे इस हेतु दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत नगर के मुख्य मार्गो पन्ना मोड, बस स्टेण्ड परिसर, गांधी द्वार, सुभाष चौक मेन रोड, थाना तिराहा, स्टेट बेंक तिराहा, झंडा बाजार, रूई बाजार, सुक्खन चौराहा, हल्दीराम गली, घंटाघर, रफी अहमद किदवई वार्ड, डन कॉलोनी के विभिन्न स्थलों में सफाई एवं झाडियों की कटाई, शिवाजी वार्ड मुख्य मार्ग, रघुनाथ गंज वार्ड शनि मंदिर के आसपास पाठक वार्ड स्थित शनि मंदिर एवं अन्य विभिन्न स्थलों, पुष्पांजलि हास्पिटल के पास, नेहरू वार्ड स्थित निगम कालोनी, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला पुरानी कलारी के पास संजय वंशकार के घर के सामने नालियों की सफाई भट्टा मोहल्ला मलिन वंशकार बस्ती, विवेकानंद वार्ड ,उपनगरीय क्षेत्र बाबा नारायण शाह वार्ड हॉस्पिटल लाईन में सफाई के कार्य के साथ ही मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था हेतु बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, द्वारका सिटी मुख्य प्रवेश मार्ग सहित नगर के अन्य स्थलों के डिवाईडरों, डस्टबिन की सफाई का कार्य किया गया गया। संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु पन्ना मोड स्थित गली नंबर 3 सहित वार्ड के अन्य विभिन्न स्थलों में कीटनाशक दवा के छिडकाव का कार्य किया गया।




## रामदयाल गुप्ता साहित्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने

**कटनी।** वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रामदयाल गुप्ता को साहित्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के पद पर मनोनित किया है। वे सभी जिलों में साहित्य संयोजक नियुक्त करने एवं गतिविधियों को आगे बढ़ाने हेतु कार्य करेंगे। नियुक्ति पर सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।




## सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, एक्शन पैकिज, फुल एंटरटेनमेंट




रोजाना 4 शो ता. 14 से दोपहर 12.30, 3.30,6 एवं 8.30 बजे से

**VENOM** (हिन्दी में)

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्राग़ियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।


# जिले भर के आईटीआई में रिक्त हैं 150 स्थान

## महिला आवेदकों के लिए 30 प्रतिशत का आरक्षण

**कटनी।**

आईटीआई में प्रवेश अवधि की तिथि बढ़ाई गई है। प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई रंजीत कुमार रोहितास ने बताया कि जिले की सभी शासकीय आईटीआई में सत्र 2021-22 में प्रवेश के पांच चरण पूरा होने के बाद भी सीटें रिक्त रह गई हैं। उन्होंने बताया कि खाली सीटों पर प्रवेश के लिए 15 से 19 अक्टूबर 2021 तक रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया संचालित होगी। जिसमें जो आवेदक पूर्व में रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए थे, वे भी प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेंगे। श्री रोहितास ने बताया कि जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में लगभग 150 सीटें रिक्त हैं। जिसमें 14 वर्ष से अधिक उम्र के दसवी कक्षा पास छात्र रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग करवा सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि महिला आवेदकों के लिए 30 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं।

# लघु एवं मध्यम उद्योगों से जिले में बढ़ेगा रोजगार

**कटनी।** आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग ने उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए नई एमएसएमई विकास नीति बनाई है। इस नीति में प्रदेश में निवेश बढ़ाने के साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के हर सम्भव प्रावधान किए गए है। मध्यप्रदेश कृषि उत्पादों में देश मे काफी आगे है और इन उत्पादों के प्रदेश में ही प्र-संस्करण के लिए नीति में इन इकाइयों को अनेक सुविधाओं के साथ रियायतें दिए जाने का ऐलान किया गया है। नीति में नवीन खाद्य प्र-संस्करण इकाई, जिसमें यंत्र-संयंत्र में 10 करोड़ रुपये से अधिक एवं 50 करोड़ रुपये तक का निवेश किया गया हो, को कई तरह की सहायता, सुविधाएँ प्रदत्त की जाएगी। नीति के मुताबिक विद्युत खपत सहायता के अंतर्गत प्रचलित विद्युत टैरिफ में उच्च दाब उपभोक्ताओं को नवीन संयोजन प्राप्त करने पर एक रुपये प्रति यूनिट अथवा 20 प्रतिशत की छूट, जो भी कम हो, प्रदान की जाएगी। यह छूट खाद्य प्र-संस्करण इकाईयों के लिये उत्पादन, व्यवसायिक परिचालन की तिथि से 05 वर्ष तक की अवधि के लिये देय होगी। ऑफसीजन में कॉन्ट्रेक्ट डिमांड के 10 प्रतिशत अथवा वास्तविक रिकार्ड की गयी डिमांड में से जो भी अधिक होगा, उसकी बिलिंग सामान्य टैरिफपर की जाएगी, यह छूट संबंधित श्रेणी की खाद्य प्र-संस्करण इकाईयों को देय होगी। इसी तरह मण्डी शुल्क से छूट की भी सहूलियत नीति में है। ऐसी सभी पात्र खाद्य प्र-संस्करण इकाईयों को संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश के अधिकतम 50 प्रतिशत या पाँच वर्ष की अवधि, इनमें से जो भी कम हो के लिये मण्डी शुल्क से छूट दी जाएगी। शुल्क से छूट की यह सुविधा उन इकाईयों को ही होगी, जो इस राज्य के कृषि उपजों का क्रय करेंगी। फूड पार्क विकसित करने पर विशेष सहायता भी नीति में सहूलियत देने का प्रावधान है। अधोसंरचना विकास सहायता के अंतर्गत प्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण परियोजनाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करने एवं अधोसंरचनाओं को बेहतर बनाने के लिये भारत सरकार, खाद्य प्र-संस्करण उद्योग मंत्रालय के द्वारा क्रियान्वित मेगा फूड पार्क की स्थापना की योजना के मार्गदर्शी निर्देशों के अनुसार निजी क्षेत्र द्वारा मेगा फूड पार्क की स्थापना पर परियोजना लागत का 15 प्रतिशत अधिकतम राशि रूपये 5 करोड़ सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह सहायता विकसित पार्क में न्यूनतम 10 इकाईयों की स्थापना पर देय होगी। टॉप-अप के रूप में देय होगी। स्टांप ड्यूटी की सहायता के तहत मेगा फूड पार्क की स्थापना के लिये प्रवर्तकों द्वारा स्पेशल परपज व्हीकल एसवीपी को स्थानांतरित भूमि में प्रवर्तकों द्वारा भुगतान किये गये स्टाप ड्यूटी की प्रतिपूर्ति की जाएगी। पैकेज का लाभ प्राप्त करने वाली इकाई इस नीति अंतर्गत घोषित अन्य शेष सुविधाएँ हैं।

# किसानों को वितरित किए गए सरसों के बीज

## तिलहनी फसल का रकवा बढ़ाने विशेष शिविर व संगोष्ठी



**कटनी।** बहोरीबंद तहसील में तिलहनी फसल का रकवा बढ़ाने बिशेष शिविर व किसान संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तिलहन एण्ड आइल पाम योजना के तहत आज गतदिवस बुधवार को ग्राम पंचायत खम्हरिया बाकल में आयोजित किया गया। इस अवसर कृषकों को सरसों बीज किस्म गिरीराज, मात्रा 2.40 क्विंटल, 60 रूपये प्रति किलो ग्राम की दर से 53 कृषकों को वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीडीसी अनिल तथा रेखा ठाकुर सरपंच खुर्सी उजियार पटेल, भारतीय किसान संघ के जिला व तहसील स्तर के पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर उपस्थित किसानों को खरीफ फसलों की सतत निगरानी व आवश्यक पौध संरक्षण अपनाने की तकनीकी सलाह दी गई। साथ ही किसानों के केन्द्र व राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। सरसों फसल की उन्नत कृषि से कृषकों को अवगत कराया गया तथा कृषि साहित्य का वितरण किया गया। इसके पूर्व विगत दिवस ग्राम पंचायत मुख्यालय सुपेली में भी आयोजित बिशेष शिविर में 16 कृषकों को 48 किलो सरसों बीज का वितरण कराया गया है। रबी वर्ष 2021-22 में विभाग द्वारा 600 किलो ग्राम तिलहन बीज सरसों वितरण का लक्ष्य है।


किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति

सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति

पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)

मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर

एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture

विश्वकर्मा फर्नीचर

विश्वकर्मा मार्केट, मढ़ई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251

Email-gopivishwakarma@gmail.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में

नि:शुल्क BMD शिविर

सोमवार, 25 अक्टूबर 2021

समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक

डॉ. पंकज गुप्ता

एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -

1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि: शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से राजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें

mgm HOSPITAL We Care with Care

एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर

(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)

कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071

# निकाय से पहले होंगे पंचायत चुनाव

## राज्य शासन सहित निर्वाचन आयोग ने भी शुरू की तैयारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण होते ही बढ़ेगी सरगर्मी

**कटनी। निकाय चुनाव में आरक्षण सहित कुछ अन्य मुद्दों को लेकर उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं के निराकरण में हो रही देरी के चलते अब राज्य निर्वाचन आयोग एवं राज्य शासन ने निकाय से पहले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव कराने का मन बना लिया है। पंचायत चुनावों को लेकर दोनों ही स्तरों पर तैयारियां भी प्रारंभ हो चुकी हैं। नवम्बर माह में जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्य पदों के लिए आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया सम्पन्न होते ही पंचायत चुनावों की सरगर्मियां तेज हो जाएंगी।**

गौरतलब है कि प्रदेश में ग्राम पंचायतों सहित जनपद पंचायतों एवं जिला पंचायतों का कार्यकाल जनवरी 2020 में ही पूरा हो चुका है। कार्यकाल पूरा होने के पश्चात नये चुनाव के लिए तैयारियां भी 2020 में शुरू हो गई थीं। पंचायतों की मतदाता सूची तैयार हो गई थी साथ ही पंच-सरपंच, जनपद सदस्य और जनपद अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी थी। केवल जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य पदों के लिए ही आरक्षण की प्रक्रिया शेष थी। राज्य शासन एवं निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव की अंतिम तैयारियों में व्यस्त थे तभी देश और प्रदेश में कोरोना महामारी ने विकराल रूप धारण कर लिया था। कोरोना से बचाव के लिए सरकार को लॉक डॉउन की घोषणा करनी पड़ गई जिससे पंचायत चुनाव की प्रक्रिया भी थम गई। बाद में राज्य शासन ने पंचायत चुनाव से पहले निकाय चुनाव कराने का मन बना लिया था। निकाय चुनावों के लिए भी मतदाता सूची से लेकर नगर परिषद और पालिका अध्यक्ष तथा महापौर और पार्षद पदों के लिए भी आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी। सभी तैयारियां के बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होती इसके पहले ही निकाय चुनावों




के लिए हुए आरक्षण को नियम विरुद्ध करार देते हुए इसके विरोध में उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर कर दी गई। उच्च न्यायालय जबलपुर सहित इंदौर और ग्वालियर खण्ड पीठ में भी याचिकाएं दायर की गई थीं। बताया गया कि याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि निकाय चुनावों में पार्षद पदों के लिए किए गए आरक्षण में रोस्टर का पालन नहीं किया गया। कई स्थानों पर उसी वर्ग के लिए आरक्षण कर दिया गया है जिसके लिए पहले भी आरक्षण था। आरक्षण के अलावा चुनाव संबंधी कुछ अन्य मुद्दों को भी याचिकाओं का आधार बनाया गया था। खण्डपीठो एवं उच्च न्यायालय में दायर इन याचिकाओं में से कई याचिकाएं अभी भी विचाराधीन है जिसके चलते राज्य शासन निकाय चुनाव को लेकर कोई निर्णय नहीं ले पा रहा जबकि प्रदेश के सभी निकायों के कार्यकाल पूरा हो चुका है। बताया गया कि निकाय चुनावों को लेकर दायर याचिकाओं के निराकरण में हो रहे विलंब के चलते ही राज्य शासन ने निकाय से पहले पंचायत चुनाव कराने का निर्णय लिया है। राज्य शासन सहित राज्य निर्वाचन आयोग ने भी पंचायत चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी है। अगर कोरोना की तीसरी लहर अथवा कोई न्यायालयीन बाधा नहीं आई तो सरकार दिसम्बर तक त्रि -स्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न करा लेगी।

### निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिकाओं पर भी फैसला जल्द

एक जानकारी में यह भी बताया गया कि निकायों में आरक्षण एवं अन्य मुद्दों को लेकर उच्चन्यायालय जबलपुर सहित इंदौर और ग्वालियर खण्डपीठो में दायर याचिकाओं का निराकरण भी जल्द होने के आसार हैं। इस सम्बंध में राज्य शासन और निर्वाचन आयोग की तरफ से उच्च न्यायालय में आवेदन दिया गया है जिसमें निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिकाओं की सुनवाई एक साथ कर जल्द निर्णय देने का अनुरोध किया गया है। राज्य शासन एवं निर्वाचन आयोग के अनुरोध पर माननीय उच्च न्यायालय निकाय चुनाव सम्बन्धी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में इन याचिकाओं की सुनवाई हो सकती है। अगर नवम्बर तक निकाय चुनावों को लेकर दायर याचिकाओं का निराकरण भी हो गया तो अगले साल की शुरुआत में ही निकाय चुनाव भी सम्पन्न कराये जा सकते हैं।

### प्रमुख सचिव के साथ कलेक्टरों की बैठक 21 को

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत चुनावों को लेकर जहां प्रमुख सचिव बसंत प्रताप सिंह ने आगामी 21 अक्टूबर को सभी कलेक्टरों के साथ बैठक तय की है वही राज्य निर्वाचन आयोग ने भी कलेक्टरों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रमुख सचिव के साथ कलेक्टरों की बैठक के तत्काल बाद एक दो दिन में ही जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य पदों के लिए आरक्षण निर्धारण की तिथि घोषित कर दी जाएगी। इधर राज्य निर्वाचन आयोग ने भी जिला कलेक्टरों को पत्र भेजकर पंचायत चुनाव के लिए मतदाताओं में जागरूकता लाने सम्बन्धी गतिविधियां प्रारम्भ करने की बात कही है। जिला स्तर पर कार्य योजना तैयार करने सहित चुनाव में सहभागिता के लिए विभागों एवं एजेंसियो का निर्धारण करने के निर्देश भी कलेक्टरों को दिए गए है। साथ ही नोडल अधिकारीएसहायक नोडल अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्तियां कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपे जाने के आदेश दिए गए हैं। माना जा रहा कि आगामी नवम्बर माह में जिलापंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य पदों के लिए आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। इस कार्य के पूरा होते है त्रि स्तरीय पंचायतों के चुनाव का तिथिवार कार्यक्रम घोषित कर दिया जायेगा।

# अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को गंभीरता से लें

## समय सीमा की बैठक में सीईओ ने की लंबित पत्रों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**कटनी।** अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को गंभीरता से देखें। मामलों का सत्यापन कर उनका निराकरण कराएं। साथ ही कमिश्नर, कलेक्टर कांफ्रेंस के निर्देशों का पालन प्रतिवेदन तैयार कर कार्यालय को भेजें। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए यह निर्देश जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने अधिकारियों को दिए। इस दौरान बैठक में उन्होने सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की समीक्षा की और कहा कि लंबित मामलों में संबंधितों से बात करें और आवेदनों पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण कराते हुए उन्हें बंद कराएं। श्री गोमे ने सीएम कार्यालय व सीएम हाउस के प्रकरणों की समीक्षा कर भी टीएल बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सीईओ श्री गोमे ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से अभिलेख शुद्धिकरण अभियान के संबंध में जानकारी ली। साथ ही कहा कि अभिलेख शुद्धिकरण का कार्य शासन के निर्देशानुसार समय सीमा पर करें। उन्होंने अधिकारियों के इसके लिए लक्ष्य तय करके काम करने के निर्देश दिए। श्री गोमे ने स्वामित्व योजना, धारणाधिकार योजना का भी रिव्यू किया। स्थानीय निर्वाचन को लेकर सीईओ श्री गोमे ने अधिकारियों से डाटा अपडेट कराते हुए निर्वाचन शाखा को जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा

वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा करते हुए सीईओ श्री गोमे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ ही सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि लगातार मॉनीटरिंग करें और ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली ग्राम सभाओं में भी जाकर जिन लोगों ने टीकाकरण नहीं कराया है, उनकी सूची उपलब्ध कराएं ताकि कोई भी वैक्सीनेशन से वंचित न हो। नेस की परीक्षा की तैयारी की समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि स्कूलों का लगातार निरीक्षण करें और शाम 3 बजे से लेकर 5.30 बजे तक विशेष फोकस रखते हुए जनशिक्षकों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जानकारी लें। काम में जिसकी भी लापरवाही सामने आती है, उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी उन्होंने टीएल बैठक में दिए। सीईओ श्री गोमे ने लंबित पत्रों की समीक्षा की और जिला अधिकारियों को समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित सभी एसडीएम, सभी विभागों के जिलाधिकारी मौजूद थे।




# 21 केन्द्रों में 1145 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

## बच्चों को दी वजन बढ़ाने की दवाएं, कम वजन के बच्चों की माताओं की काउंसिलिंग

**कटनी।** राज्य में कोई भी बच्चा कुपोषित न हो, इसके लिए राज्य सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से बच्चों को सुपोषित करने के लिए लगातार अभियान चला रही है। मध्यप्रदेश राज्य पोषण नीति 2020-30 कार्यक्रम के अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों के एकीकृत पोषण प्रबंधन के लिए बाल अरोग्य संवर्धन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें लगातार कुपोषित बच्चों के वजन सुधार हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम के तहत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार जिले में सेम व मेम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से 18 से 21 अक्टूबर तक जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के 21 सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों द्वारा लगभग 1145 सेम व मेम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्रोटोकॉल अनुसार जांच कर कुपोषित बच्चों का वजन बढ़ाने के लिए जरूरी दवाएं प्रदान की गई। साथ ही बच्चों की आयु के अनुसार कम वजन व स्थित वजन वाले बच्चों की माताओं की संतुलित पोषण के लिए काउंसिलिंग भी की गई। जिले में लगाए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान 32 बच्चे गंभीर कुपोषित पाए गए, जिनको एनआरसी में भर्ती करने के लिए परिजनों को समझाइश दी गई। जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

### सहकारिता उद्योग समिति की बैठक 22 को

कटनी। सचिव सहकारिता उद्योग समिति जिला पंचायत कटनी ने बताया कि जिला पंचायत की सहकारी उद्योग समिति की बैठक 22 अक्टूबर को आयोजित होगी। बैठक का आयोजन दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में होगा। इस बैठक में समिति सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

# राजस्व विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे अपर कलेक्टर

**कटनी।** जिले में राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा अब अनुभाग स्तर पर की जायेगी। यह समीक्षा अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो द्वारा निर्धारित कैलेण्डर अनुसार की जायेगी। इस संबंध में जिले के समस्त अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। जिसमें निर्धारित एजेण्डा की प्रगति रिपोर्ट सहित संबंधितों को बैठक में उपस्थित रहने के लिये निर्देशित किया गया है। जारी कैलेण्डर अनुसार विजयराघवगढ़ अनुभाग में 21 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे से समीक्षा बैठक का आयोजन विजयराघवगढ़ तहसील कार्यालय में होगा।

वहीं 22 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे से ढीमरखेड़ा जनपद कार्यालय मीटिंग हॉल, 23 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से बहोरीबंद तहसील कार्यालय के मीटिंग हॉल और 25 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे से द्वारका भवन कटनी में समीक्षा बैठक आयोजित होगी।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रताप सिंह पिता राजेन्द्र सिंह निवासी कुरेली तहसील बन्डा जिला सागर हाल निवास लखापतेरी के द्वारा द्वितीय पक्ष केशव कोल पिता दयाराम कोल निवासी वार्ड नं. 19 रोहिनिया कटनी म.प्र. वालों के पक्ष में ग्राम बड़ागांव प.ह.नं. बड़ागांव रा.नि.मं. बड़वारा तहसील बड़वारा जिला कटनी स्थित भूमि खसरा नं. 49,50,53,55 रकवा कुल 14.50 हे. को बेचने का सौदा तय किया चूंकि विक्रेता सागर का रहने वाला है तथा द्वितीय पक्ष उक्त जमीन को क्रय कर रहा है यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त जमीन के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो अपने दस्तावेज स्वामित्व के संबंध में लाकर मेरे पक्षकार व मुझे मेरे कार्यालय में 15 दिवस के भीतर आकर दिखाये अन्यथा मेरा पक्षकार दस्तावेज तैयार करवाकर रजि. कराने का लेख लिखवाया इस बीच प्रताप सिंह से रजिस्ट्री करा लेवेगा समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। **कटनी/दिनांक-** 18.10.21

**भवदीय**

**अमित शुक्ला, अधिवक्ता**

**जिला न्यायालय कटनी, मो.नं. 9425465040**

# कचरा फैलाने पर होगा स्पॉट फाइन

**कटनी।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रदेश के सभी छोटे-बड़े शहरी क्षेत्रों में कचरा फैलाने या स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर स्थल पर ही जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। अभियान का आरंभ शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन कर पर्यावरणीय सुधार और व्यापक जन-जागरूकता बढ़ाने के लिये किया गया है। पर्यावरण विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त और कलेक्टर्स को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छता के विरुद्ध किये जाने वाले कार्यों में सड़कों एवं गलियों में कचरा फैलाना, सार्वजनिक स्थलों पर थूकना, खुले में स्नान, खुले में मल-मूत्र विसर्जन और खुले में बर्तन, कपड़े आदि की धुलाई शामिल है। ठोस अपशिष्ट संग्रहण, पृथक्कीकरण, भंडारण, प्रदाय संबंधी नियमों का उल्लंघन करने पर भी कार्यवाही होगी। ठोस अपशिष्ट का अलग-अलग संग्रहण न करते हुए एक ही डस्टबिन में एकत्र करने पर व्यक्तिगत श्रेणी, थोक कचरा उत्पादक, नष्ट होने योग्य बायोडीग्रेडेबल कचरा पृथक्कीकरण उचित प्रकार से नहीं देने पर, जैव अनाश्य अपशिष्ट का पृथक्कीकरण, निर्माण एवं विध्वंस सामग्री का पृथक्कीकरण न करने, सूखा कचरा अलग न करने, बगीचे और हरे कचरे को खुले में फैकने, खुले में कचरा जलाने के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। व्यावसायिक उपयोग घरेलू छोड़कर के दौरान मछली, मीट, पोल्ट्री अपशिष्ट को अलग किये बगैर कचरा प्रदान करना, बगैर डस्टबिन के और बिना अलग किये हुए कचरा देने वाले विक्रेता, ठेला, फेरीवाला आदि, निवास और गली की सफाई न रखने, घरेलू पालतू जानवरों द्वारा कचरा, खुले में मल-मूत्र, विष्ठा कराने पर, सार्वजनिक स्थलों पर आयोजन के पूर्व अनुमति प्राप्त न करने पर और सार्वजनिक स्थल पर आयोजित समारोह के उपरांत 4 घंटे में सफाई न करने पर जुर्माना, शास्ति अधिरोपित किये जाने का प्रावधान किया गया है। शास्ति, स्पॉट फाइन की दरें नगरीय निकायों तथा शहरी समूहों द्वारा परिषद स्तर पर निर्धारित की जायेंगी।

### कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय कटनी (म.प्र.)

फोन नं. 07622—220436 email prinpoly.ktn@mp.gov.in

क्रमांक/जीपीसीके/स्था0/2021/586 कटनी, दिनांक 16/10/2021

**//गेस्ट फेकल्टी हेतु विज्ञप्ति//**

महाविद्यालय में उपसत्र जुलाई से दिसंबर 2021 के लिए गेस्ट फेकल्टी की निम्नानुसार आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन—पत्र, मूल प्रमाण—पत्र एवं दस्तावेजों की पीडीएफ फाईल के साथ ई—मेल द्वारा दिनांक 28.10.2021 सांय 04:00 बजे तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। चयनित उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार गैस्ट फेकल्टी कार्य हेतु शासन द्वारा वर्तमान निर्धारित दर रूपये 400/— प्रति कालखंड (पीरियड) पारिश्रमिक देय होगा।

| क्र | ब्रांच/शाखा | रिक्त पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग | 01 | संबंधित इंजी. शाखा में प्रथम श्रेणी में स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर की डिग्री |

विशेष टीपः—

1. उम्मीदवारों का चयन अर्हता परीक्षा के अंकों, उच्च अर्हता लाभ एवं अनुभव के आधार पर किया जावेगा, जिसमें तकनीकी महाविद्यालयीन स्तर पर शैक्षणिक कार्य का अनुभव मान्य होगा।
2. यह गेस्ट फेकल्टी का अनुबंध पूर्णतः अस्थाई होकर केवल एक सेमेस्टर (उपसत्र) के लिये है।
3. कार्य संतोषजनक होने पर आगामी सेमेस्टर (उपसत्र) तक की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।
4. योग्य उम्मीदवार अपने आवेदन—पत्र के साथ मूल प्रमाण—पत्र एवं दस्तावेजों की पीडीएफ फाईल ई—मेल द्वारा prinpoly.ktn@mp.gov.in पर दिनांक 28.10.2021 सांय 04:00 बजे तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, आरक्षित श्रेणी के पद हेतु सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा। प्रमाणपत्रों का प्रमाणन ऑनलाइल किया जायेगा, प्रमाणन न होने पर आवेदन निरस्त किया जायेगा।
5. आरक्षित श्रेणी के अनु.जाति एवं अनु.ज.जा. के उम्मीदवारों को शासन के नियमानुसार 10 प्रतिशत अंको की छूट का प्रावधान है एवं विज्ञप्ति हेतु रोस्टर नियमों का पालन किया गया है।
6. कोविड—19 की विषम परिस्थिति निर्मित होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया आनलाईन संपादित की जावेगी।
7. गेस्ट फेकल्टी को शिक्षकीय कार्य हेतु आमंत्रित करने या न करने का सर्वाधिकार प्राचार्य को है, एवं किसी विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय ही अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

G-18363/21

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय
कटनी (म.प्र.)

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# संजयनगर में अवैध पैकारी का विरोध करने पर गुर्गो ने की मारपीट

## पुलिस, प्रशासन व आबकारी विभाग पर प्रभावी कार्रवाई न करने का आरोप

**कटनी।** जिले में ना सिर्फ रेत माफिया व खनन माफिया बेकाबू हैं बल्कि शराब माफिया भी जमकर आतंक मचाए हुए हैं। खुलेआम अवैध तरीके से शराब का विक्रय एवं परिवहन कर रहे हैं। आबकारी, पुलिस व प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा। परेशान क्षेत्र के लोगों ने विरोध किया तो पैकारी संचालक व उसके गुर्गो ने जमकर मारपीट की। लाठी-डंडों से बेरहमीपूर्वक पीटा। जिसमें चार लोग गंभीर घायल हैं। जानकारी के अनुसार संजय नगर में लोगों के अनुसार अवैध पैकारी चल रही है। इसमें क्षेत्र के लोगों ने विरोध किया तो रविवार रात 12 बजे 21 वर्षीय राहुल कोल, 20 वर्षीय सुरेंद्र कोल, 31 वर्षीय अवनीश अवस्थी, 22 वर्षीय अजय साहू व गोविंद यादव के साथ में जमकर मारपीट की गई है। इसमें कुछ महिलाओं को भी चोट लगी है। बताया जा रहा है कि अशोक यादव, रक्की यादव, चुन्नू यादव, दिलीप, निखिल यादव, ऋषभ यादव, सुरेश यादव, विनोद यादव, भूरा ने मारपीट की है। मारपीट में लोगों को गंभीर चोट आई है। 2 लोगों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। हालांकि पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**महिलाओं से भी अभद्रता, बम से उड़ाने दे रहे धमकी**



### जमकर बिक रही अवैध शराब

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि संजय नगर में जमकर अवैध तरीके से शराब का विक्रय एवं परिवहन किया जा रहा है। पूर्व में लोगों ने शिकायत की थी जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की लेकिन वह ठोस कार्रवाई ना होने कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और जमकर शराब खोरी कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि शराब माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करते हुए उसमें पैकारी संचालित की जा रही है। पुलिस जान कर भी अंजान बनी हुई है। इस तरह से शराब माफिया के गुर्गे लोगों पर हमला कर रहे हैं और पुलिस प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा।

### गुस्साए लोगों ने किया चकाजाम

क्षेत्र में हो रही शराब की तस्करी से लोगों में आक्रोश है। इस घटना के बाद रात में पहले लोगों ने थाने का घेराव किया। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन जब सुबह फिर क्षेत्र में पैकारी खुल गई और अवैध तरीके से शराब का विक्रय एवं परिवहन चालू हो गया तो इस पर लोग भड़क उठे और सुबह चक्काजाम कर दिया। माधवनगर थाने का स्टॉफ पहुंचकर के लोगों को समझाइश दी। उसके बाद लोग माने और यातायात बहाल हुआ।

### घेरा एसडीएम व तहसीलदार का कार्यालय

गुर्गो की गुंडई और क्षेत्र में अवैध तरीके से शराब विक्रय को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश दोपहर में भी कम नहीं हुआ। लोडर वाहन से महिलाएं, युवा कचहरी चौक पहुंचे और कहचरी गेट में घेराव किया। जमकर नारेबाजी की। मार्ग को जाम कर दिया। एसडीएम व तहसीलदार से यह मांग करते रहे कि तत्काल अवैध निर्माण को तोड़ा जाए आरोपियों पर कठोर कार्रवाई हो। लोगों ने कहा कि आरोपी धमकी दे रहे हैं कि बम से उड़ा देंगे। इस दौरान एक युवक तो कार के नीचे तक लोट गया और कहा कि ऊपर चढ़ा दो। इस दौरान नायब तहसीलदार रविंद्र पटेल पहुंचे और लोगों से चर्चा की। कहा कि अवैध निर्माण है तो तत्काल जांच कराएंगे और विधि अनुसार कार्रवाई होगी। मारपीट के मामले में पुलिस से चर्चा कर प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी।

### इनका कहना है

गोलू कोल व अशोक यादव के बीच पुरानी रंजिश के चलते विवाद चला आ रहा है। शराब का विक्रय नहीं हो रहा है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की है। दोनों पक्षों पर काउंटर मामला दर्ज किया गया है। एक पक्ष की शिकायत पर हरिजन एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। मामले की जांच की जा रही है। मौके पर पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। साथ ही संजयनगर में पुलिस का फिक्स प्वाइंट भी बना दिया गया है।

विजय कुमार विश्वकर्मा, थाना प्रभारी, माधवनगर।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही ईद मिलादुन्नबी

**कटनी।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस हर साल की तरह इस साल भी ईद-मिलादुन्नबी के रूप में आज मंगलवार को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के मुस्लिम बाहुलय क्षेत्रों में सुबह से खासी चहल-पहल नजर आई। लोगों ने एक दूसरे को मोहम्मद साहब के जन्मदिवस एवं ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार मोहम्मद साहब का जन्म तीसरे माह में रबी-अल-अव्वर के 12वें दिन मक्का में हुआ था। इस वर्ष यह पर्व 19 अक्टूबर यानि आज मंगलवार को मनाया जा रहा है। पिछले साल की तरह इस साल भी कोरोना संक्रमण को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन करते हुए ईद-मिलादुन्नबी के अवसर पर वाहन रैली नहीं निकाली जा रही है। इसके अलावा अंजुमन इस्लामिया स्कूल में अपरान्ह 3 बजे से छोटे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# शरद पूर्णिमा कल, 16 कलाओं से परिपूर्ण नजर आएगा चांद

**कटनी।** अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा मनाई जाती है। शरद पूर्णिका का पर्व इस बार कल 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन मां लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा की जाती है। मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात्रि चांद 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है। चंद्रमा से निकलने वाली रोशनी अमृत के समान होती हैं। इस रात देवी लक्ष्मी पृथ्वी पर आती है। वह भक्तों से खुश होकर उन्हें आर्शीवाद देती हैं। इस वर्ष शरद पूर्णिमा का पर्व 19 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। पंचांग में तिथि को लेकर भेद है। इस लिए यह दो दिन मनाया जाएगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार पूर्णिमा तिथि शाम 7 बजकर 3 मिनट पर शुरू होगी। 20 अक्टूबर की रात 8 बजकर 20 मिनट पर समाप्त होगी। इस दिन सुबह उठकर स्नान करें। स्वच्छ वस्त्र पहनकर व्रत का संकल्प लें। इस दिन माता लक्ष्मी की आराधना की जाती है। कहा जाता है कि विधि-विधान से पूजा करने से मां खुश होती है। वह जातकों पर कृपा बरसाती है। पूजा के दौरान देवी लक्ष्मी को पान का पत्ता, कमल, गंध, अक्षत, तांबूल, दीप, सुपारी और दक्षिणा अर्पित करें। वह सफेद रंग की मिठाई का भोग लगाएं। रात में खीर बनाएं और आधी रात्रि भगवान को अर्पित करें। फिर चांदी के बर्तन में रखकर चंद्रमा की रोशनी में रखें। दूसरे दिन उसे उसे खाएं और दूसरों को भी दें। शरद पूर्णिमा के व्रत में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। फल और जल का सेवन करते व्रत रखा जाता है। रात्रि सात्विक भोजन ग्रहण करें। पूजा में काले रंग के कपड़े नहीं पहनने। शरद पूर्णिमा के दिन सफेद रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना गया है।



### आनंद बिहार कालोनी में भजन संध्या का आयोजन कल

शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोलाबाबू के आनंद बिहार कॉलोनी स्थित निवास पर भजन संध्या का आयोजन रात्रि 8 बजे से किया गया है। इस दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोलाबाबू, श्रीमती स्नेहलता अग्निहोत्री एवं अनुराग अग्निहोत्री एवं अग्निहोत्री परिवार ने समस्त स्नेहीजनों से भजन संध्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

# दशहरा देखने निकली युवती से बलात्कार, आरोपी फरार, सरगर्मी से तलाश जारी

**कटनी।** स्लीमनबाद थाना अन्तर्गत एक ग्राम में दशहरा देखने गई 19 वर्षीय युवती के साथ बलात्कार की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने पीड़ित युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। स्लीमनबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि घटना 16 अक्टूबर को घटित हुई। जब युवती सहेलियों के साथ दशहरा एवं रामलीला देखने गई थी। दशहरा मेला भ्रमण के दौरान रामलीला देखते समय वह रामलीला कार्यक्रम के दौरान सो गई और इसकी सहेलियां भी छोड़कर घर चली गईं। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे नींद खुलने पर जब युवती अपने घर लौट रही थी। उसीदौरान नगमा पुलिया के पास कारीपाथर निवासी राजाराम कुचबंदिया नामक युवक ने अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया गया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घर लौटने पर पीड़िता ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद यह मामला थाने तक पहुंचा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक राजाराम कुचबंदिया के विरूद्ध धारा 376, 323, 506 के तहत मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। प्रकरण में अनुसंधान निरीक्षक रेखा प्रजापति के द्वारा किया जा रहा है।

# पन्ना के युवक से लूटपाट की घटना का चंद घंटों में पर्दाफाश

## दो गिरफ्तार, लूटा गया सामान बरामद, कुठला पुलिस को मिली सफलता




**कटनी।** पेट्रोल पंप की एनओसी लेने भोपाल से कटनी पहुंचे पड़ोसी जिला पन्ना के देवेंद्रनगर क्षेत्र निवासी युवक के साथ लूट और मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस ने भी तत्परता दिखाई और वारदात को अंजाम देने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लूट का सामान बरामद कर लिया। घटना रविवार की दोपहर की है जब पीड़ित अपनी महिला दोस्त के साथ कटायेघाट घूमने गया था, तभी वह घटना का शिकार हुआ। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि पड़ोसी जिला पन्ना के देवेन्द्रनगर क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय रवि पिता भगवतदीन कुशवाहा 17 अक्टूबर की सुबह रीवा हबीबगज ट्रेन से भोपाल से कटनी आया था। अपनी महिला दोस्त के साथ घूमने कटायेघाट तरफ नदी के उस पार बने शंकरजी के मंदिर गए थे। दोपहर 12़30 बजे अचानक बारिश होने लगी तो दोनों मंदिर के अंदर चले गए। मंदिर में कोई नहीं था। उसी समय दो सावंले रग के लड़के डंडे से मारपीट करनी शुरू कर दी। रवि को मारपीट के दौरान बाई आंख के पास व दोनों हाथ, गर्दन में चोट आई है। बदमाशों ने जेब से मोबाइल व पर्स में रखे तीन हजार रुपये, आईडी छीनकर भाग गए। पीड़ित के मुताबिक वे दोनों बदमाशों को अच्छी तरह से पहचान चुका था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 394 का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को मामले से अवगत कराते हुए निर्देशों के बाद वारदात को अंजाम देने के आरोप में कैलवाराखुर्द झुरहीटोला निवासी 22 वर्षीय राजा कोल व 19 वर्षीय सतीश आदिवासी को गांव के हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों से लूटा गया सामान भी बरामद कर लिया गया है।


यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



सिर्फ नाम ही काफी है.....
कजारिया
भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी
पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511
सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475


# सेवन इलेवन रेस्टारेंट में आबकारी की दबिश

## जब्त की गई विदेशी शराब



**कटनी।** आबकारी विभाग ने उपनगरीय माधवनगर में संचालित 7-11 रेस्टारेंट में कार्रवाई कर विदेशी मदिरा जब्त की है और रेस्टारेंट संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि वृत्त कटनी क्रमांक-1 प्रभारी सहायक जिला आबकारी ममता अहिरवार को रात्रि गश्त के दौरान माधवनगर क्षेत्र में संचालित रेस्टारेंट 7-11 में अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर दबिश दी, जिसमें रेस्टारेंट से 23.85 बल्क विदेशी मदिरा जब्त की गई। टीम ने रेस्टारेंट के संचालक आशीष सहजवानी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।




समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा



कम... पीता है
अधिकृत विक्रेता- ओम ऑटोमोबाइल्स
जबलपुर रोड, बरगवां कटनी, फोन-07622-220527
त्यौहारों के इस मौसम में अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* I फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)